**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के वकील अटक जेल में उनसे मिल सकते हैं। खान भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद जेल की सजा काट रहे हैं। यह फैसला तब आया, जब खान के वकील शेर अफ्जल खान मारवात मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के सामने पेश हुए और उनसे अनुरोध किया कि कानूनी टीम को पंजाब प्रांत में शनिवार से जेल में बंद खान से मिलने की अनुमति देने के लिए निर्देश जारी करें। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, मारवात ने कहा कि अदालत के आदेशों के बावजूद वकीलों को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष खान से मिलने की अनुमति नही दी गई। उन्होंने कहा कि खान के वकीलों के खिलाफ जेल में व्यवधान पैदा करने के झूठे आरोप लगाए गए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हमने यह पहले भी कहा है और हम फिर से कह रहे कि वकीलों को मुलाकात करने की अनुमति है। उन्होंने आगाह किया, मुलाकात की अनुमति न देना अदालत की अवमानना के रूप में देखा जाएगा।

### सेना के समर्थन के बिना सरकार नहीं चला सकते: शहबाज शरीफ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्वीकार किया है कि उनकी सरकार भी शक्तिशाली सेना के समर्थन के बिना नही चल सकती, जो तख्तापलट की आशंका वाले देश की राजनीति में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। शहबाज शरीफ जब विपक्ष के नेता थे, तो वह शासन चलाने के लिए सेना के दखल को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान की आलोचना करते थे। लेकिन, सत्ता में आने के बाद उन्होंने वही र्ढा अपना लिया। बृहस्पतिवार को प्रसारित जियो न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में जब एंकर ने कहा कि पाकिस्तान आज दुनिया में हाइब्रिड शासन के सबसे प्रमुख उदाहरणों में से एक है, तो शरीफ ने कहा कि खान ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर बहुत भरोसा किया था। शहबाज ने कहा, खान को भी अपने कार्यकाल के दौरान सैन्य समर्थन मिला। भले उन्होंने दूसरों पर आरोप लगाए लेकिन उनकी सरकार विभिन्न घटकों का मिश्रण थी। हर सरकार को सेना सहित प्रमुख क्षेत्रों से समर्थन की आवश्यकता होती है। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद से देश में आधे समय तक सेना का शासन रहा है। शेष आधे भाग में इसने पर्दे के पीछे से देश की राजनीति को नियंत्रित करने का काम किया।

## दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर जकार्ता, वाहनों का धुआं और शुष्क मौसम प्रदूषण का मुख्य कारण

**जकार्ता।** स्विटजरलैंड की वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता को सबसे प्रदूषित शहर करार दिए जाने के बाद शुक्रवार को अधिकारियों ने कहा कि वायु प्रदूषण का मुख्य कारण शुष्क मौसम और मोटर वाहनों से निकलने वाला धुआं है। दुनिया के चौथे सबसे अधिक आबादी वाले देश की राजधानी जकार्ता में पिछले कुछ महीनों से हर सुबह घना धुआं और धूलभरा आसमान दिखाई देता है। स्विटजरलैंड स्थित आईक्यूएयर की हालिया रैंकिंग के अनुसार जकार्ता दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में नियमित रूप से शीर्ष पर है।

## प.अफ्रीकी देशों के नाइजर में लोकतंत्र बहाली के लिए सेना भेजने की तैयारी से बढ़ा तनाव

**भाषा।** नियामी (नाइजर)

**नाइजर के** नए सैन्य शासन और पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्रीय समूह के बीच तनाव बढ़ रहा है। संगठन ने नाइजर के कमजोर लोकतंत्र को बहाल करने के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया है। ईसीओडब्ल्यूएएस समूह ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को बहाल करने की रविवार की समय सीमा समाप्त होने के बाद नाइजर में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने के लिए एक स्टैंडबाई फोर्स (अतिरिक्त बल) को निर्देश दिया है। इससे पहले दो पश्चिमी अधिकारियों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि नाइजर के जुंटा ने एक शीर्ष अमेरिकी राजनयिक से कहा था कि अगर पड़ोसी देशों ने बजौम के शासन को बहाल करने के लिए किसी भी सैन्य हस्तक्षेप का प्रयास किया,।

**PUBLIC NOTICE**

I Mrs. Sarita Aggarwal W/o Sh. Kailash Chand Aggarwal R/o A-5/7 DLF City Phase-1 Gurgaon have lost the original Builder Buyer's Agreement of Property No. A-5/13, measuring 502.32 sqyds, DLF City Phase-I, Gurugram, Haryana Any person would find the above said original Builder Buyer's Agreement, kindly contact undersigned.

Mrs. Sarita Aggarwal (Owner)
Mob: 9811168222
W/o Sh. Kailash Chand Aggarwal
R/o A-5/7 DLF City Phase-1 Gurgaon

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that Mr. Suresh Kumar& Mrs. Sangeetawho arepurchasing the Freehold Residential Plot No.18 and 19, area measuring 200 Sq. Yds. (167.22 Sq. Mtr.), out of Khasra No.1013, situated at Nirmala Vihar Colony, Village Loni, Pargana Loni Tehsil & District, Ghaziabad (U.P.);from Mr. Vijay Kumar MalhotraS/o. Late Mr. Jogindar Malhotra, who is owner of the aforesaid propertyvide Regd. WILL dated 22.09.2014, which is duly registered vide Document No.734, at SRO-Ghaziabad-IV which was executed by his mother Mrs. Darshna Malhotra W/o. Late Mr. Jogindar Malhotra; and same to be finance & mortgage by Ummeed Housing Finance Private Limited. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/title/interest/ creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP Plot no.136, (Basement)**
**Uday Park, New Delhi-110049**
**Contact# 011-40046316**

**Public Notice**

This is to inform General Public Notice that Mr. Iqbal Talwar and Mr. Vikram Talwar acquired the entire Property i.e Plot No-28 area measuring 250.839 sq. meters., situated at Block-G, Saket, New Delhi vide Will dated 08.08.1990 executed by Mr. Manohar Lal Talwar in favour of his Wife Mrs. Kamlesh Talwar and after her death Property has Devolved on Mr. Iqbal Talwar and Mr. Vikram Talwar.NowMr. Iqbal Talwar and Mr. Vikram Talwar owners are Selling Ground Floor and Frist Floor without roof rights "of the above said Property to Mrs. Anju Bansaland further Mrs. Anju Bansalhas agreed to create a mortgage in respect of the said Floors in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited.Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client& in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## संयुक्त राष्ट्र के 18 महीने पहले अगवा पांच कर्मी मुक्त

**काहिरा।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने शुक्रवार को कहा कि यमन में 18 महीने पहले अगवा किए गए उसके पांच कर्मचारियों को मुक्त कर दिया गया।संरा के प्रवक्ता फरहान हक ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि उपलब्ध जानकारी के मुताबिक पांचो कर्मियो की सेहत दुरुस्त है।हक के अनुसार मुक्त किए गए कर्मी अकम सुफीउल अनम, माजेन बावजीर, बकील अल महदी, मोहम्मद अल मुलेकी और खालिद मुख्तार शेक है। उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारी संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा विभाग के लिए काम करते है।अपहरणकर्ताओ की पहचान का खुलासा नही किया गया है।

## चीन के हेबेई प्रांत में बाढ़ का प्रकोप, 29 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन मे इस महीने आए तूफान डोक्सुरी के बाद हेबेई प्रांत मे आई भीषण बाढ़ के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई और अरबो डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रांतीय सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, बचावकर्मी 16 लापता लोगों की तलाश में जुटे है। इसके मुताबिक, भीषण बाढ़ के कारण हुए नुकसान के बाद प्रांत के पुनर्निर्माण कार्य मे करीब दो साल का समय लग सकता है। सरकारी मीडिया चाइना न्यूज सर्विस ने बताया कि शुरुआती आकलन के अनुसार प्रांत को 13.2 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान हुआ है।

## चीन ने सीआईए के लिए जासूसी करने के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

**ताइपे (ताइवान)।** चीन ने अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के लिए जासूसी करने के संदेह मे एक सैन्य औद्योगिक समूह से जुड़े एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही बीजिंग और वाशिंगटन के बीच जासूसी के सार्वजनिक आरोपों की कड़ी मे एक और मामला जुड़ गया है। देश के राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने एक बयान मे कहा कि ज़ेंग नाम का एक सैन्य औद्योगिक कर्मी बड़ी रकम के बदले सीआईए को खुफिया जानकारी प्रदान कर रहा था।

# रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे पर हवाई हमले का आरोप लगाया

## जेलेंस्की ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और कदम उठाया

**भाषा।** कीव



**यूक्रेनी अधिकारियों ने क**हा कि रूस के मिसाइल दागने से पश्चिमी यूक्रेन में आठ साल के एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि रूस ने आरोप लगाया कि यूक्रेनी सेना ने ड्रोन के जरिए मॉस्को को लगातार तीसरे दिन निशाना बनाया, लेकिन इससे कथित तौर पर कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। इसके अलावा शुक्रवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने क्षेत्रीय सैन्य मसौदा बोर्ड के सभी प्रमुखों को बर्खास्त करने की घोषणा की। यह कदम 17 महीने से अधिक समय पहले यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी उनकी कार्वाई का हिस्सा है। यूक्रेन के अभियोजक जनरल कार्यालय के अनुसार, जिस मिसाइल से लड़के की मौत हुई, वह पोलैंड की सीमा से लगभग 100 किलोमीटर (60 मील) दूर पश्चिमी यूक्रेन के इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्र में एक घर पर गिरी। कार्यालय ने दावा किया कि यूक्रेन की हवाई सुरक्षा प्रणाली ने राजधानी कीव पर रूस की ओर से दिन के उजाले में किए गए हमले को विफल कर दिया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रोकी गई मिसाइलों का मलबा बच्चों के अस्पताल के परिसर सहित शहर के आवासीय इलाकों पर गिरा, लेकिन इससे कोई हताहत नहीं हुआ।

## जेल जाने के दो घंटे बाद रिहा हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को उनकी पैरोल अवैध करार दिए जाने के बाद शुक्रवार को वापस जेल ले जाया गया, लेकिन जेलों में भीड़ कम करने के लिए शुरू किए गए एक नए कार्यक्रम के तहत उन्हें दो घंटे के भीतर फिर से रिहा कर दिया गया। सरकार के इस फैसले को लेकर काफी सवाल किए जा रहे हैं कि क्या जुमा (81) को अदालत की अवमानना के मामले में 15 महीने की सजा से बचने के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। जेलों में कैदियों की संख्या कम करने के कार्यक्रम को राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा द्वारा अधिकृत किया गया था और शुक्रवार को पहली बार इसे सार्वजनिक किया गया। हालांकि इसका लक्ष्य 9,400 से अधिक कैदियों को जेल से रिहा करना और उन्हें घर पर सुधारात्मक निगरानी में रखना है, पूर्व राष्ट्रपति जुमा इससे लाभान्वित होने वाले पहले व्यक्ति हैं। सुधार विभाग के कार्यवाहक राष्ट्रीय आयुक्त मक्गोथी थोबाकगले ने बताया कि जुमा ने अपनी सजा के शेष 13 महीने काटने के लिए सुबह करीब छह बजे क्वा-ज़ुलु नेटाल प्रांत में एस्टकोर्ट सुधार केंद्र पहुंचे, लेकिन सुबह सात बजे के कुछ देर बाद जब उनकी सजा में छूट की प्रक्रिया पूरी हो गई तो उन्हें रिहा कर दिया गया। दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक अलायंस के नेता जॉन स्टीनहुइसन ने कहा, आश्चर्य, आश्चर्य, वह एक नई नीति के पहले लाभार्थी हैं। यह न्याय प्रणाली में एक निंदनीय हेरफेर है।

**ADDI INDUSTRIES LIMITED**

REGD.OFFICE: A-104 3rd Floor DDA SHED OKHLA PHASE-2, NEW DELHI- 110020
CIN: L51109DL1980PLC256335 E -Mail: addiind@gmail.com, Tel.: +91-11-45025469
EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED JUNE 30, 2023
(` in Lakh, except per share data)

| Sr No | Particulars | Consolidated | | | | Standalone | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 30.06.2023 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter ended 30.06.2022 (Unaudited) | Year ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter ended 30.06.2023 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter ended 30.06.2022 (Unaudited) | Year ended 31.03.2023 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 123.74 | 109.63 | 88.51 | 405.12 | 119.88 | 106.03 | 85.35 | 391.94 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax and exceptional items) | 101.42 | 90.32 | 62.34 | 302.33 | 97.60 | 86.78 | 59.26 | 289.44 |
| 3. | Net Profit for the period (before Tax, after exceptional items) | 101.42 | 90.77 | 1,934.38 | 2,131.89 | 97.60 | 87.23 | 1,931.30 | 2,119.00 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 79.59 | 76.34 | 1,547.78 | 1,704.05 | 76.31 | 73.27 | 1,545.04 | 1,692.68 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 79.57 | 75.83 | 1,547.92 | 1,703.96 | 76.29 | 72.76 | 1,545.18 | 1,692.59 |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value ` 5/- each) | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 |
| 7. | Earnings Per Share (of ` 5/- each)(Not Annualised) | | | | | | | | |
| | Basic | 0.69 | 0.70 | 13.36 | 15.78 | 0.71 | 0.67 | 14.31 | 15.68 |
| | Diluted: | 0.69 | 0.70 | 13.36 | 15.78 | 0.71 | 0.67 | 14.31 | 15.68 |

Notes :
1. The above is an extract of the detailed format of quarter/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarter/ annual financial results are available on the webites of the stock exchange. (URL-www.bseindia.com).
2. The above financial results have been reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on August 11, 2023. The Statutory auditors have expressed an unmodified audit opinion.
3. There is no change(s) in accounting policies which have impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. The Board of Directors has recommended a final dividend of Rs.1.25 /- per equity share of face value of Rs.5 /- each for the financial year ended 31 March 2023 subject to the approval of the shareholders in the ensuing Annual General Meeting.

For and on behalf of the Board of Directors
Addi Industries Limited
Sd/-
Chaman Lal Jain
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 11.08.2023

**कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**

कार्पोरेट पहचान संख्या :- एल70109डीएल1980पीएलसी169318
पंजीकृत कार्यालय :- प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन :- 7303495374, ई-मेल :- camaccommercial@gmail.com,
वेबसाइट www.camaccommercial.com
30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रूपए लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्रं सं | विवरण | पृथक्कृत | | |
|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त जून 30, 2023 (अलेखापरिक्षित) | तिमाही समाप्त मार्च 31, 2023 (लेखापरिक्षित) | वर्ष समाप्त मार्च 31, 2023 (लेखापरिक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 59.48 | 141.05 | 343.41 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | (56.15) | 109.70 | 140.65 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | (56.15) | 109.70 | (329.45) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | (55.63) | 109.91 | (329.25) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 1,097.83 | (35.92) | 14,976.80 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7 | अन्य इक्विटी | | | 173,162.50 |
| 8 | रू. 10/-प्रत्येक के शेयर पर प्रति शेयर अर्जन | | | |
| | (क) मूल (रू.) | (6.30) | 12.45 | (37.30) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | (6.30) | 12.45 | (37.30) |

नोट्स :-
1. 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु उपरोक्त वित्तीय परिणाम का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा तथा अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा 11 अगस्त, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 11 अगस्त, 2023 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
(मोनीशा सराफ)
निदेशक
डीआईएन : 07503642

स्थान :- नई दिल्ली
दिनांकित :- 11-08-2023

**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

सीआईएन : एल65929डीएल1947पीएलसी001240
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन : 7303495375, ई-मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com,
वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com
30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु
समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 30, 2023 अलेखापरीक्षित | मार्च 31, 2023 लेखापरीक्षित | जून 30, 2022 अलेखापरीक्षित | मार्च 31, 2023 लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 93.71 | 154.67 | 322.59 | 1,126.96 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (52.40) | 20.68 | 227.77 | 793.20 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (52.40) | 20.68 | 227.77 | 301.42 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (52.67) | 19.67 | 187.76 | 179.39 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 2,814.60 | (555.11) | (2,385.83) | 21,815.33 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10 प्रति शेयर) | 320.00 | 320.00 | 320.00 | 320.00 |
| 7 | अन्य इक्विटी (वर्ष के अन्त में) | | | | 265,249.34 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन रू.10/-प्रत्येक का | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | (1.65) | 0.62 | 5.87 | 5.61 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | (1.65) | 0.62 | 5.87 | 5.61 |

नोट्स :
1. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 11 अगस्त, 2023 को आयोजित इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 11 अगस्त, 2023 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।
3. 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़े निम्नानुसार हैं :-

(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|
| | जून 30, 2023 अलेखापरीक्षित | मार्च 31, 2023 लेखापरीक्षित | जून 30, 2022 अलेखापरीक्षित | मार्च 31, 2023 लेखापरीक्षित |
| परिचालन से कुल आय | 89.67 | 145.70 | 314.30 | 1,065.60 |
| अवधि हेतु कर से पहले शुद्धलाभ/(हानि) | -55.16 | 12.98 | 220.40 | 716.43 |
| अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) | -54.95 | 12.64 | 181.81 | 603.13 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय | 2,170.58 | -415.66 | -2,395.82 | 12,553.19 |

4. संगत तिमाही के आंकड़े, जहां आवश्यक है, चालू तिमाही की प्रस्तुति/वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
श्वेता सक्सेना
निदेशक एवं कम्पनी सचिव
डीआईएन : 03120958/सदस्यता सं. : ए 18585

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 11 अगस्त, 2023

12-8wX17h-PNB Finance-HINID

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई-मेल : cs@deltoncables.com, सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255
30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2023 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31-03-2023 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-06-2022 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2023 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 6,952.95 | 8,050.18 | 6,444.11 | 27,214.70 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 156.07 | 98.53 | 215.55 | 656.95 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व(अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 156.09 | 98.61 | 223.46 | 664.95 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात(अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 127.27 | (432.85) | 239.56 | 57.75 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 129.51 | (429.05) | 244.98 | 63.64 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 864.00 | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पहले) (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 1.47 | (5.01) | 2.77 | 0.67 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 1.47 | (5.01) | 2.77 | 0.67 |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में प्रस्तुत किए गए तिमाही अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धान्त और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 में अधिसूचित किया गया है, जैसाकि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट किया गया है।
(3) उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा 11-08-2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।

कृते एवं हिते बोर्ड
हस्ता/-
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : दिल्ली
तिथि : 11-08-2023

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनीष कुमार/ हरीश कुमार/ रेखा रानी/ LBDEL00005332921 & LBDEL00005123296 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 27 डी, तीसरी मंजिल, ब्लॉक बीबी, टाइप-ई, शालीमार बाग ईस्ट, दिल्ली/ अगस्त 07, 2023 | मार्च 15, 2023 रु. 29,14,704/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | प्रशांत जैन/ सुरिंदर कुमार जैन/ LBNOD00004690485 | संपत्ति संख्या 33, बिना छत के पहली और दूसरी मंजिल के बीच मेजेनाइन रूम के साथ पहली मंजिल, ब्लॉक-जी, पॉकेट-17, सेक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली/ अगस्त 07, 2023 | अप्रैल 06, 2023 रु. 25,41,258/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | चंद्र नेगी/ रविंदर सिंह/ LBFDB00005495684 | फ्लैट नंबर-007, हैबिटेट 78, टॉवर बी-2, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर 78, फ़रीदाबाद/ अगस्त 08, 2023 | अप्रैल 06, 2023 रु. 21,29,261/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | मनोज कुमार/ अंशुल शर्मा/ LBGHZ00005341948/ LBGHZ00004861411 | यूनिट नंबर बी 607, टॉवर बी, 7वीं मंजिल, "अजनारा होम्स", प्लॉट नंबर जीएच 03, सेक्टर 16 बी, जिला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा/ अगस्त 08, 2023 | मार्च 15, 2023 रु. 17,90,983/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | सिम्मी विज/ राजेश कुमार विज/ LBDEL00004913388 | प्लॉट नंबर एफ- 64, छत के अधिकार के साथ तीसरी मंजिल, ब्लॉक एफ, विकासपुरी, दिल्ली/ अगस्त 08, 2023 | मार्च 07, 2023 रु. 43,56,293/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | सुखविंदर कौर/ मंजीत सिंह/ LBNOD00004232257 | प्लॉट नंबर 331, छत के अधिकार के साथ तीसरी मंजिल, संपत्ति धारक संख्या डब्ल्यूजेड-93, खयाला कन्हैया पार्क, चांद नगर, तिलक नगर, दिल्ली/ अगस्त 08, 2023 | मार्च 09, 2023 रु. 33,16,561/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | तारिफ खान/ मो अहमद खान/ LBNOD00002380736 | फ्लैट नंबर 10173, 10वीं मंजिल, मार्वेल्ला, महागुन माई वुड्स, प्लॉट नंबर जीएच- 04, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा/ अगस्त 08, 2023 | मार्च 09, 2023 रु. 35,84,564/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | देवदत्त शर्मा/ रिंजू कुमारी/ LBFDB00005791882 | फ्लैट नंबर 1104, टावर ए2, फ्लोर 11, सेक्टर- 78, हैबिटेट- 78, फ़रीदाबाद/ अगस्त 09, 2023 | अप्रैल 06, 2023 रु. 20,08,823/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | श्वेता./ सतवीर/ LBFDB00006283397 & LBPLW00006244731 | खेवट खाता, नंबर 115/120, आरईसीटी नंबर 5, किला नंबर 18 (2-11), मौजा फाजलपुर, नयागांव, अलवरपुर, पलवल/ अगस्त 09, 2023 | फ़रवरी 27, 2023 रु. 45,87,629/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | राजेश भाटिया/ रेणु भाटिया/ भगवान दास भाटिया/ सुनील कुमार भाटिया/ सर्वेश भाटिया/ सिम्मी ट्रेडर्स/ LBFDB00000967391 | बंगला प्लॉट नंबर 53, नेबरहुड नंबर 2, ब्लॉक-बी, न्यू टाउनशिप, फ़रीदाबाद, फ़रीदाबाद/ अगस्त 09, 2023 | अप्रैल 18, 2023 रु. 10,09,680/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 11, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# लगभग 50 वर्षों में रूस के पहले चंद्र अभियान पर लैंडिंग क्राफ्ट के साथ रॉकेट रवाना हुआ



**भाषा।** तल्लिन (एस्तोनिया)

**भारतीय अंतरिक्ष** यान से पहले पृथ्वी के इकलौते उपग्रह चंद्रमा पर उतरने की होड़ में लगभग 50 वर्षों में रूस के पहले चंद्र अभियान के तहत शुक्रवार को चंद्र लैंडिंग क्राफ्ट ले कर एक रॉकेट प्रक्षेपित हुआ। सुदूर पूर्व में रूस के वोस्तोचन अंतरिक्षयान से चंद्रमा के लिए लूना-25 यान का प्रक्षेपण 1976 के बाद रूस का पहला प्रक्षेपण है। तब यह सोवियत संघ का हिस्सा था। रूसी चंद्र लैंडर के 23 अगस्त को चंद्रमा पर पहुंचने की उम्मीद है और उसी दिन भारतीय यान के भी चंद्रमा पर पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय यान को 14 जुलाई को प्रक्षेपित किया गया था। रूसी अंतरिक्ष यान को चंद्रमा के आसपास की यात्रा करने में लगभग 5.5 दिन लगेंगे। फिर तीन से सात दिन यह सतह पर जाने से पहले लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर चंद्रमा की कक्षा में परिक्रमा करेगा। केवल तीन देश ही चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने में कामयाब रहे हैं: सोवियत संघ, अमेरिका और चीन। भारत और रूस का लक्ष्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सबसे पहले उतरने का है। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने कहा कि वह यह दिखाना चाहती है कि रूस चंद्रमा पर पेलोड पहुंचाने में सक्षम है और रूस चंद्रमा की सतह तक पहुंच की गारंटी सुनिश्चित करना चाहता है। जाने माने रूसी अंतरिक्ष विश्लेषक विताली ईगोरोव ने कहा, चंद्रमा का अध्ययन लक्ष्य नहीं है। लक्ष्य दो महाशक्तियों चीन और अमेरिका तथा कई अन्य देशों के बीच राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है जो अंतरिक्ष महाशक्ति के खिताब पर दावा करना चाहते हैं। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों से उसके लिए पश्चिमी प्रौद्योगिकी तक पहुंच मुश्किल हो गई है, जिससे उसका अंतरिक्ष कार्यक्रम प्रभावित हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि लूना-25 शुरू में एक छोटे चंद्रमा रोवर को ले जाने के लिए था, लेकिन यान के वजन को कम करने के उद्देश्य से उस विचार को छोड़ दिया गया। ईगोरोव ने कहा, विदेशी इलेक्ट्रॉनिक्स हल्के होते हैं, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स भारी होते हैं। हालांकि वैज्ञानिकों के पास चंद्र जल का अध्ययन करने का कार्य हो सकता है। रोस्कोसमोस के लिए मुख्य कार्य केवल चंद्रमा पर उतरना, सोवियत विशेषज्ञता को पुन: प्राप्त करना और यह सीखना है कि नए युग में इस कार्य को कैसे किया जाए। रोस्कोस्मोस के वीडियो फीड के अनुसार लूना-25 को रूस के सुदूर पूर्व में वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से बिना किसी त्रुटि के प्रक्षेपित किया गया।